हरिभूमि
# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 8 मई 2025

04 शिक्षा में जिले का हो रहा सूर्य अस्त पर जनप्रतिनिधि...



07 तुलाई में देरी से नाराज किसानों ने लगाया जाम, तौल शुरू...





## खबर संक्षेप

### सेना में सेवारत पुत्री के माता-पिता को मिलेगी सम्मान निधि

**सागर।** जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कैप्टन (नौसेना) यूपीएएस भदौरिया ने बताया कि मध्यप्रदेश के स्थायी निवासी वे माता-पिता, जिनकी पुत्री भारतीय सेना में पदस्थ है, उन्हें मध्यप्रदेश शासन द्वारा प्रतिवर्ष सम्मान निधि प्रदान की जाती है। उन्होंने कहा कि इस योजना का लाभ उठाने के इच्छुक पात्र माता-पिता जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, सागर से संपर्क कर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### डॉ. अतुल कुमार जैन के क्लिनिक सील

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देशानुसार देवरी एसडीएम भव्या त्रिपाठी ने प्रशासनिक कार्रवाई करते हुए देवरी नगर में संचालित आशा ऑर्थो क्लिनिक को सील कर दिया। यह क्लिनिक डॉ. अतुल कुमार जैन द्वारा संचालित किया जा रहा था। प्राप्त जानकारी के अनुसार, क्लिनिक में कई प्रकार की अनियमितताएँ पाई गईं। एसडीएम भव्या त्रिपाठी ने टीम ने स्थल निरीक्षण के दौरान क्लिनिक को सील करने की कार्रवाई की। कलेक्टर संदीप जी आर ने स्पष्ट निर्देश दिए है कि जिले में अन्य चिकित्सा संस्थानों की भी सघन जाँच की जाएगी। अवैध रूप से संचालित हॉस्पिटल, क्लिनिक और पैथोलॉजी लैब्स के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### कलेक्टर ने बच्चों से किया संवाद

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर ने बीना में मेधावी छात्रों के सम्मान हेतु आयोजित कार्यक्रम में मौजूद छात्र-छात्राओं से संवाद किया। उन्होंने बच्चों से उनके पढ़ाई-लिखाई और भविष्य की योजना के चर्चा करते हुए पूंछा कि आप क्या बनना चाहते हैं? आप अपने लक्ष्य जैसे डॉक्टर, इंजीनियर, पुलिस अधिकारी, सिविल सर्विस में आने के लिए अभी से संकल्प लें और मन लगाकर, अनुशासन में रहते हुए पढ़ाई करें। उन्होंने बच्चों से बात करते हुए कम्प्यूटर साइंस एवं आर्टीफीशियल इंटेलीजेंस के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि कम्प्यूटर कोडिंग का पहला शब्द होता है हेलो वर्ल्ड। उन्होंने उपस्थित बच्चों से कहा कि आज आप लोग इंटरनेट पर सर्च करना, उन्होंने चैट जीपीटी के बारे में बताते हुए कहा कि यह आर्टीफीसियल इंटेलीजेंसी से युक्त एक अच्छा ऐप है जिसके माध्यम से आप सभी अपनी पढ़ाई से संबंधित सवाल भी पूंछ सकते हैं। चैट जीपीटी सभी प्रकार के सवालों के जबाव दे सकता है जो आपकी पढाई में मदद कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से आप अपनी पढ़ाई को और स्मार्ट बना सकते हैं।

अस्पताल में टेलीमेडिसिन के माध्यम से स्वास्थ्य परीक्षण करें

## सौ बिस्तरी अस्पताल की सभी अनापत्तियां पूर्ण कर कार्य शुरू करें: उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



उपमुख्यमंत्री एवं सागर जिले के प्रभारी मंत्री राजेंद्र शुक्ल ने बीना में अस्पताल के निरीक्षण के निर्देश दिए कि अस्पताल में टेलीमेडिसिन के माध्यम से परीक्षण शुरू करें एवं जिला चिकित्सालय एवं बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज के वरिष्ठ चिकित्सकों से परामर्श कर स्वास्थ्य लाभ पहुंचाएं साथ ही यहां सौ बिस्तरों वाले अस्पताल की सभी अनापत्तियां पूर्ण कर शीघ्र कार्य शुरू करें। इस अवसर पर विधायक निर्मला सप्रे, जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी, गौरव सिरोठिया, एसडीएम बिजय डहेरिया सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी मौजूद थे।

शुक्ल ने अस्पताल के निरीक्षण के दौरान निर्देश दिए कि अस्पताल में आने वाले व्यक्तियों का अच्छे से अच्छा स्वास्थ्य परीक्षण हो इसके लिए सभी डॉक्टर, पैरामेडिकल स्टाफ समय पर अस्पताल में मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर टेली मेडिसिन के माध्यम से जिला चिकित्सालय एवं बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज के वरिष्ठ डॉक्टरों से परामर्श लें एवं संबंधित पीड़ित व्यक्ति की वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से चर्चा कराकर, स्वास्थ्य परीक्षण करें।उन्होंने निर्देश दिए कि अस्पताल परिसर में पर्याप्त साफ-सफाई एवं प्रकाश व्यवस्था रहे।

राजेन्द्र शुक्ल ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों की मांग पर निर्देशित किया कि तत्काल यहां विकास खंड मेडिकल अधिकारी की नियुक्ति करें एवं आवश्यकता अनुसार सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि अस्पताल में पर्याप्त मेडिसिन की उपलब्धता भी सुरक्षित की जावे।

## भारतीय सेना जिंदाबाद के नारों के बीच सेवादल संस्थापक की जयंती मनाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



भारत के स्वतंत्रता सेनानी, कांग्रेस के प्रसिद्ध राजनेताभारतीय स्वतंत्रता संग्राम के दिनों में प्रसिद्ध 'हिन्दुस्तान सेवादल' की स्थापना करने वाले डॉ. नारायण सुब्बाराव हार्डिकर की 136वीं जयंती पर जिला शहर कांग्रेस सेवादल के सिपाहियों ने भी राजीव गांधी भवन, जिला शहर कांग्रेस कार्यालय में छायाचित्र पर माल्यार्पण के साथ पुष्पांजलि अर्पित की। साथ साथ राष्ट्रीय कवि रवींद्र नाथ टैगोर की भी जयंती पर छाया चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों को तबाह करके पहलगाम में मारे गये मासूम भारतीयों का बदला लेने पर भारतीय सेना जिंदाबाद के नारे लगाये गये। शहर सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे ने कहा बड़ा गर्व करने वाला क्षण है कि आज ही महान सपूत हर्डिकर जी की जन्मजयंती पर ऐसी खबर आयी जिसने देश वासियों को जोश से भर दिया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से वरिष्ठ कांग्रेसी दीनदयाल तिवारी, नितिन पचौरी, अंकुर यादव, नीलेश भाऊ, पवन घोषी, लल्ला यादव, निक्की यादव, राहुल खटीक, राजेश विश्व कर्मा, मनीष सेन, पंकज सोनी, अन्नू घोषी, लकी पंडा, आकाश नामदेव, रवि जैन, तरूण सैनी आदि सेवादल परिवार जन उपस्थित रहे

## धामोनी वाले बाबा के तीन दिवसीय उर्स की तैयारियां अंतिम दौर में

**सागर।** सर्वधर्म, कौमी एकता के प्रतीक हजरत सैयद मोहम्मद इशहाक वली शामी उर्फ बाबा बालजती शाह रह.अलैह धामोनी वाले बाबा का तीन दिवसीय सालाना उर्स 9 मई से 11 मई तक सम्पन्न होगा। बाबा के सालाना उर्स की तैयारियां अंतिम दौर में हैं। दरगाह प्रबंध कमेटी के अध्यक्ष काजी खान बहादुर ने बताया कि धामोनी वालें बाबा के सालाना उर्स की शुरुआत 09 मई शुक्रवार को वाद नमाज जुमा संदली चादर के साथ होगी तथा बाद नमाज इशा मीलाद शरीफ होगी। 10 मई दिन शनिवार को कब्बाली प्रोग्राम के उद्घाटन उपरान्त हिंदुस्तान के मशहूर कब्बाल नईम साबरी कब्बाल पार्टी और नुसरत खानम कब्बाला पार्टी के बीच तथा 11 मई रविवार को रईस अनीश साबरी कब्बाल पार्टी और मीना नाज कब्बाला पार्टी के बीच तमाम रात कव्वालियों का मुकाबला होगा। बाबा के उर्स में दूर दूर से श्रद्धालु अपनी मन्नतें लेकर आते हैं। उर्स आयोजन को लेकर दरगाह प्रबंध कमेटी द्वारा उर्स की व्यवस्थाओं के लिए जिम्मेवारी सौंपी गई है। जिसमें दरगाह सजावट, संदली चादर व्यवस्था, बाजार व्यवस्था,स्टेज व्यवस्था, टेन्ट, साउण्ड, डेकोरेशन व्यवस्था, देग- प्रसाद वितरण और साफ सफाई व्यवस्था आदि कार्यों को लेकर बनाये गये प्रभारी बनाए गए हैं।

## जिले में अप्रैल माह में आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई, 273 प्रकरण दर्ज

### कलेक्टर के निर्देश पर अवैध मदिरा पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

कलेक्टर के निर्देशन और सहायक आयुक्त आबकारी कीर्ति दुबे के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग द्वारा अप्रैल 2025 में सागर जिले में अवैध मदिरा के विरुद्ध सघन अभियान चलाया गया। सहायक जिला आबकारी अधिकारियों के नेतृत्व में गठित दो गठित दलों ने जिले के विभिन्न वृत्तों में छापामार कार्यवाहियां कर अवैध शराब के कारोबारियों के खिलाफ कार्रवाई की। माह अप्रैल में चलाए गए इस अभियान के दौरान विभाग द्वारा कुल 273 प्रकरण दर्ज किए गए। इनमें 200 विभागीय प्रकरण मदिरा दुकानों में पाई गई अनियमितताओं के विरुद्ध और 73 प्रकरण अवैध मदिरा विक्रय एवं संग्रहण करने वालों के विरुद्ध न्यायालयीन प्रकरण के रूप में कायम किए गए हैं।जप्त मदिरा और सामग्री में देशी/विदेशी मदिरा 164.74 लीटर, हाथभट्टी मदिरा 42.5 लीटर एवं महुआ लाहन 1480 किलोग्राम जप्त की गई अवैध मदिरा और सामग्री का अनुमानित बाजार मूल्य 1,13,355 रू. आँका गया है। सभी मामलों में आरोपियों के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(क) एवं धारा 36 के तहत कार्रवाई की गई है। गठित रात्रिकालीन दलों द्वारा जिले के विभिन्न इलाकों में तलाशी अभियान चलाकर अवैध मदिरा विक्रय पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। यह अभियान आगे भी सतत जारी रहेगा और अवैध कारोबारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। आबकारी विभाग द्वारा न्यायालयीन प्रकरणों के साथ ही क्षेत्र में सघन निगरानी की जा रही है।

## 10 मई तक करें पात्र हितग्राहियों की ई-केवाईसी लापरवाही पर लगाया 5000 रुपए का जुर्माना



**सागर।** सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकानों में पात्र हितग्राहियों की ई-केवाईसी अनिवार्य कर दी गई है। कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देशानुसार समस्त विक्रेताओं को समीक्षा बैठक में यह कार्य लक्ष्य अनुसार पूर्ण करने के निर्देश दिये गये थे। शासन के आदेशों का पालन नहीं करने पर विकासखंड देवरी की शा. उ. मू. दुकानें कृ बेलढाना, कांसखेड़ा, झुनकू, समनापुर शाहजू, सिमरिया हर्राखेड़ा, बीना, चीमाढाना, इमझिरा, कुसमी और पिपरिया पाठक पर 5000-5000 रुपए का जुर्माना लगाया गया है। साथ ही, सभी विक्रेताओं को निर्देशित किया गया है कि शेष रहे समस्त पात्र सदस्यों की ई-केवाईसी पीओएस मशीन एवं मोबाइल ऐप के माध्यम से 10 मई 2025 तक अनिवार्य रूप से पूर्ण कर लें। आदेश की अवहेलना की स्थिति में आगे और कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत शहर के बड़े नाले-नालियों की सफाई का कार्य जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



शासन द्वारा प्रारंभ किए गए जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री के निर्देशानुसार नगर निगम द्वारा शहर के सभी बड़े नाले-नालियों की सफाई का कार्य किया जा रहा है जिसके तहत 21 अप्रैल से मधुकर शाह वार्ड में न्यू कॉलोनी जेल के पीछे से तालाब तक, तहसीली कार्यालय से न्यू कॉलोनी तक, गौर नगर वार्ड में पुलिस लाइन वीसी बंगला से पीतांबरा मंदिर तक, दीपक स्टेशनरी से अशोक श्रीवास्तव के निवास तक एवं शिवा स्टेशनरी से केंट तक, वृंदावन वार्ड में जिला सहकारी बैंक से तालाब तक एवं श्री राम कॉलोनी से चौतन्य अस्पता एवं लच्छू चौराहा से मीट मार्केट के पीछे नाले की सफाई का कार्य किया गया है। 7 मई से 11 मई तक कबूलापुल से मोमिनपुरा तक जेसीबी मशीन से बड़े नाले की सफाई की जा रही है। 12 से 15 मई सुभाष नगर वार्ड स्थित श्मशान घाट के अंतिम छोर तक एवं 16 से 18 मई तक सुभाष नगर एवं गुरु गोविन्द सिंह वार्ड में विट्ठल नगर पानी की टंकी से मोमिनपुरा अंतिम छोर तक एवं 19 से 21 मई तक छत्रसाल अखाड़े से रेलवे अंडर ब्रिज तक नाला-नालियों की सफाई की जावेगी। राजकुमार खत्री ने स्वच्छता अधिकारी को निर्देश दिए हैं कि जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत किए जा रहे नाला-नालियों की सफाई कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो, जिन स्थानों पर जेसीबी मशीन सहित आवश्यक सामग्री की आवश्यकता हो तत्काल उपलब्ध कराएं तथा सफाई कार्य का निरीक्षण करें जिससे बारिश के दौरान शहर में कहीं भी जल भराव की स्थिति निर्मित न हो।




1.63 करोड़ की लागत से बने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, आरोग्य मंदिर का लोकार्पण

## आज देश गौरव से भर गया, सेना के पराक्रम व प्रधान मंत्री मोदी के नेतृत्व का अभिनंदन : पूर्वमंत्री भूपेंद्र सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



आज देश गौरव से भरा है। भारत की सेना ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में ऑपरेशन सिंदूर संचालित करके पहलगाम हमले का जिस ताकत के साथ जवाब दिया है उससे पूरे देश का मस्तक ऊंचा हुआ है। यह उद्गार पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह ने यहां 1.63 करोड़ की लागत से बने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, आरोग्य मंदिर के लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।

पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि पाकिस्तान प्रायोजित आतंकियों ने जिस तरीके से पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों की क्रूर हत्या की थी, उससे पूरा देश दुखी था। प्रधानमंत्री मोदी ने देश की भावनाओं को समझते हुए संकल्प व्यक्त किया था कि इस घटना में शामिल किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा और कल्पना से परे जाकर दंड दिया जाएगा। प्रधान मंत्री मोदी के इस संकल्प को आज भारत की शौर्यवान सेना ने जिस कुशलता से बिना नुकसान उठाए अंजाम दिया है उसके लिए हम सभी भारत की सेना के पराक्रम और प्रधानमंत्री के नेतृत्व का अभिनंदन करते हैं। पूर्व गृहमंत्री सिंह ने कहा कि यह प्रधानमंत्री मोदी के सशक्त नेतृत्व, वैश्विक लोकप्रियता व सफल कूटनीति का प्रभाव है कि पूरी दुनिया आज भारत के साथ खड़ी है। हम इसे ही सशक्त भारत कहते हैं।

पूर्व गृहमंत्री सिंह ने कहा कि खुरई विधानसभा क्षेत्र में अनेक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के नये और आधुनिक सुविधाओं से युक्त भवन बनवाए गए हैं। इनमें डॉक्टर,स्टाफ, आवश्यक उपकरणों, दवाओं की सुनिश्चितता करने का काम भी सरकार के लगातार प्रयासों के कारण संभव हो सकेगा। भाजपा की सरकार ने नये मेडीकल कॉलेज खोल कर चिकित्सकों की संख्या बढ़ाने की दिशा में बड़ा काम किया है, वहीं आयुष्मान कार्ड जैसी योजनाएं चला कर हर व्यक्ति तक निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराने का काम किया है। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों के निरंतर जुड़ाव व देख रेख से ये प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जीवन दायी संस्थानों के रूप में स्थापित हो सकेंगे।

संबोधन के पूर्व सिंह ने आरोग्य मंदिर का फीता काट कर लोकार्पण किया व इसके प्रत्येक हिस्से का निरीक्षण कर सराहना की। उन्होंने अपने संबोधन के दौरान सरपंच ब्रजेश दिवेदी के मांग पत्र पर सिलौधा सागर मार्ग को जोड़ने के लिए एक किमी सड़क निर्माण का आश्वासन दिया। स्थानीय श्मशान तक की सड़क निर्माण के लिए परीक्षण कर काम शुरू करने का निर्देश जनपद पंचायत सीईओ मीना कश्यप को दिया। पूर्व मंत्री सिंह ने सिलौधा में चल रहे 21 कुंडात्मक श्री रामकथा महायज्ञ व श्री शिव महा पुराण कथा आयोजन में पहुंच कर कथा व्यास व उपस्थित संतों से आशीर्वाद लिया व यज्ञशाला का पूजन किया।

# रोजाना करेंगे निरीक्षण, नहीं सुधरी व्यवस्था तो होगी कार्रवाई: सीएमओ भदौरिया

## गंदगी मिलने पर सीएमओ ने जताई नाराजगी, शहर भर में चलाया जा रहा है वृहद स्तर पर सफाई अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

बरसात के मौसम से पहले नगर की सफाई व्यवस्था को लेकर नगर परिषद ने कमर कस ली है। नगर परिषद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी ओमपाल सिंह ने मंगलवार को शहर के तीन वार्डों का निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान वे सफाई व्यवस्था से असंतुष्ट नजर आए और मौके पर मौजूद सफाईकर्मियों को फटकार लगाते हुए चेताया कि अगली बार निरीक्षण में गंदगी मिली तो जिम्मेदारी तय की जाएगी।

सीएमओ ने कहा कि बारिश के पहले रोजाना दो से चार वार्डों का निरीक्षण कर नालियों की सफाई करवाई जाएगी ताकि जलभराव की समस्या से निपटा जा सके। निरीक्षण के दौरान कई नागरिकों ने भी सीएमओ से मिलकर नालियों की नियमित सफाई न होने और सड़कों पर गंदा पानी बहने की शिकायतें कीं।उन्होंने कहा कि शहर को स्वच्छ बनाना प्राथमिकता है। नजरबाग गेट से पुराने बस स्टैंड तक जहां पहले अतिक्रमण हटाया गया था, वहां अब फुटपाथ बनवाया जाएगा। सीएमओ ने स्पष्ट किया कि नगर की हर गली, मोहल्ले में सफाई की निगरानी होगी और जहां भी गंदगी दिखेगी, तत्काल कार्रवाई की जाएगी।निरीक्षण के दौरान पार्षद प्रतिनिधि जाहिद खान, नपा अधिकारी राकेश, सफाई प्रभारी राहुल सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।




### नगर में चलाया जा रहा सफाई अभियान

बरसात के पहले नगर की जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त करने के उद्देश्य से नगर परिषद ने मंगलवार को विशेष नाली सफाई अभियान चलाया। अभियान की कमान खुद मुख्य नगर पालिका अधिकारी ओमपाल भदौरिया ने संभाली और अलग-अलग वार्डों में सफाई कार्य की निगरानी की।

अभियान के तहत वार्ड क्रमांक 15 स्थित सेल सागर चौराहा और रोशन चाचा की गली में करीब 200 मीटर लंबी नाली की सफाई कराई गई। वहीं वार्ड क्रमांक 23 की डॉ. नवरंग वाली गली में लगभग 300 मीटर लंबी नाली की सफाई कराई गई।

विशेष बात यह रही कि नाली के ऊपर किए गए अवैध अतिक्रमण को हटाकर सफाई कराई गई। मौके पर मौजूद अधिकारियों ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जहां-जहां नालियों पर अतिक्रमण है, उन्हें चिन्हित कर तत्काल हटाया जाए ताकि जलभराव की समस्या से बचा जा सके।इसके साथ ही संयुक्त कार्यालय परिसर में भी सफाई कार्य कराया गया, जिससे बारिश के दौरान गंदगी और दुर्गंध से बचा जा सके।



शहर भ्रमण और अभियान के दौरान पार्षद प्रतिनिधि जाहिद खान, चंद्रभान प्रजापति, सन्नी सोनी, विजय सोनी, उपयंत्री राकेश बल्मीक, सफाई हवलदार, अतिक्रमण दल प्रभारी महादेव गोहर सहित नगर परिषद के अन्य कर्मचारी भी मौजूद रहे।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने कहा कि यह अभियान रोजाना वार्ड-वार्ड चलेगा। बरसात के पहले सभी नालियों को साफ किया जाएगा और कहीं भी अवरोध की स्थिति नहीं रहने दी जाएगी।

## खबर संक्षेप



### 94 हितग्राहियों को आवास की राशि जारी

**टीकमगढ़।** नगर पालिका परिषद के मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी अंतर्गत 94 हितग्राहियों को उनकी प्रगति के आधार पर द्वितीय एवं तृतीय किस्त की कुल 54 लाख 50 हजार रुपये की राशि उनके खातों में सीधे हस्तांतरित की गई है। इस योजना के तहत वे 79 हितग्राही, जिन्होंने अपने आवास का निर्माण पूर्ण कर लिया है, उन्हें प्रत्येक को 50 हजार रुपये की दर से सहायता राशि दी गई। वहीं, ऐसे 15 हितग्राही, जिनके आवास का निर्माण कार्य लेंटर लेवल छत डालने से पूर्व की स्थिति तक पूर्ण हो चुका है, उन्हें प्रत्येक को 1 लाख रुपये की राशि प्रदान की गई।

यह भुगतान हितग्राहियों की कार्य प्रगति, स्थल निरीक्षण एवं ऑनलाइन सत्यापन के आधार पर किया गया है। आवास योजना के अंतर्गत यह आर्थिक सहायता उन परिवारों के लिए बड़ी राहत है, जो वर्षों से पक्के मकान के सपने देख रहे थे। नगर पालिका द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि पात्र एवं वास्तविक जरूरतमंदों को समय पर किश्तों का लाभ मिले, जिससे आवासों का निर्माण समय सीमा में पूरा हो सके और लोग जल्द से जल्द अपने पक्के घर में रहना शुरू कर सकें। इस प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखते हुए नगर परिषद द्वारा हितग्राहियों की सूची सार्वजनिक की गई है और उन्हें उनके खातों में राशि हस्तांतरित होने की जानकारी एसएमएस व सूचना पटल के माध्यम से दी है।



### ऑपरेशन 'सिंदूर' जीरो टॉलरेंस नीति का जीवंत प्रमाणः डॉ. अभय प्रताप

**टीकमगढ़।** भारतीय सेना द्वारा हाल ही में किए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. अभय प्रताप सिंह यादव ने इसे भारत की दृढ़ इच्छाशक्ति और मोदी सरकार की आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति का प्रमाण बताया है।

डॉ. सिंह ने भारतीय सेना के शौर्य को नमन करते हुए कहा, ऑपरेशन सिंदूर न केवल एक सैन्य कार्रवाई है, बल्कि यह आतंक के खिलाफ भारत के अडिग संकल्प का प्रतीक है। आतंकी ठिकानों पर सटीक और साहसिक प्रहार कर सेना ने फिर साबित कर दिया है कि राष्ट्र की रक्षा के लिए हम हर स्तर पर तैयार हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शब्दों को दोहराते हुए कहा, हम किसी को छेड़ते नहीं, पर अगर कोई छेड़ेगा तो छोड़ेंगे नहीं।

पहलगाम हमले के जिम्मेदार साजिशकर्ताओं को उनके अंजाम तक पहुँचाने का यह अभियान उसी संकल्प का परिणाम है।डॉ. सिंह ने कहा कि नया भारत आतंक के लिए उपजाऊ भूमि नहीं, बल्कि उनके अंत की रणभूमि बन चुका है।

### बुंदेली साहित्य साधना का गौरव ओपी तिवारी

**टीकमगढ़ ।** बुंदेलखंड की रचनात्मक माटी से उपजे बाल साहित्य के साधक, हिन्दी-बुंदेली साहित्यकार पंडित ओमप्रकाश तिवारी को उनकी साहित्यिक सेवा और सांस्कृतिक साधना के लिए 'बुंदेलखंड गौरव सम्मान' से नवाजा जाएगा। यह प्रतिष्ठित सम्मान उन्हें 30 मई को महाराजा छत्रसाल स्मृति शोध संस्थान, मऊसानिया द्वारा आयोजित छत्रसाल महोत्सव 2025 में प्रदान किया जाएगा। पंडित ओमप्रकाश तिवारी वेद मर्मज्ञ आचार्य दुर्गा चरण शुक्ल के कृपा पात्र शिष्य हैं। वे बाल साहित्य, लोक साहित्य, और ऋग्वैदिक रचनाओं के भावानुवाद में विशेष दक्षता रखते हैं। अब तक उनकी 100 से अधिक पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं और उनकी एकांत साहित्य साधना आज भी निरंतर जारी है। इससे पूर्व भी उन्हें देशभर में कई प्रतिष्ठित मंचों से सम्मानित किया जा चुका है। इनमें 2003 में तिरुवनंतपुरम में राष्ट्रभाषा युवा सम्मेलन, ज्वाला प्रसाद ज्योतिषी सम्मान, आदर्श शिक्षक सम्मान, मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा युवा उत्सव, स्टेट बैंक साहित्य सम्मान, तथा राज्यपाल उत्तर प्रदेश राम नाईक द्वारा प्रदत्त सम्मान शामिल हैं। ओमप्रकाश तिवारी की कृति हमारी लोकमाताएं और ऋग्वेद की ऋषिकाओं पर आधारित भावानुवादित रचनाएं साहित्य जगत में अत्यंत सराही गई हैं। इस सम्मान को लेकर उन्होंने विनम्रतापूर्वक कहा यह मेरे गुरुदेव की आकांक्षा की पूर्ति का एक प्रयास है। मेरी लेखनी मातृभूमि, पितृभूमि और बुंदेली धरा के ऋण से उऋण होने का माध्यम है। तिवारी को बधाई देने वालों में पंडित हरि विष्णु अवस्थी, राजेंद्र प्रसाद तिवारी, सुरेंद्र सिंह भदौरिया, पीयूष, कृष्ण किशोर द्विवेदी, शिवानंद द्विवेदी सहित अनेक शुभचिंतक शामिल हैं।

## हाई स्कूल परिणाम में प्रदेश में जिला सेकेंड लास्ट स्थान पर आने से जनता रुष्ट

# शिक्षा में जिले का हो रहा सूर्य अस्त पर जनप्रतिनिधि हैं स्वागत में व्यस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

जिले की शिक्षा क्षेत्र में स्थिति बद से बदतर होती जा रही है। जिले के स्कूलों में पदस्थ शिक्षको की मनमानी की बजह से पढ़ाई नहीं होती। जिससे जिले में शिक्षा का सूरज अस्त होने की स्थिति में है। क्योकि जिले में सत्तापक्ष के जनप्रतिनिधि स्वयं का स्वागत कराने में ही व्यस्त हैं। जनप्रतिनिधियों की इस उदासीनता का लाभ शिक्षा क्षेत्र के जिम्मेदार अधिकारी उठाते हुये अपना कार्य न करते हुये मनमानी कर रहें हैं। जिसके संबंध में लगातार खबरें भी सामने आती रहती हैं। जिसका खामियाजा देश के भविष्य रूपी छात्र छात्राओं को उठाना पड़ रहा है।

### 10वीं परीक्षा परिणाम में निबाड़ी से पीछे रहा टीकमगढ़

10वीं का परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद ज़ब जिलेवार सूची बनाई गईं तो सफलता के प्रतिशत में शासकीय व निजी स्कूलों को मिलाकर टीकमगढ़ जिला 51वें नंबर पर अपना स्थान बना पाया। जबकि टीकमगढ़ से ही टूटकर बना निबाड़ी जिला 46वें नंबर पर रहा। टीकमगढ़ जिले के इस शिक्षा के स्तर को देखकर जिले की जनता का गुस्सा सोशल मीडिया पर खूब दिख रहा है।

### स्कूलों में पदस्थ शिक्षकों की फ़ौज, पढ़ाई जीरो

शासकीय स्कूलों में छात्र छात्राओं को पढ़ाने के लिए सरकार द्वारा नियमित शिक्षकों के साथ साथ अतिथि शिक्षकों की भारी भरकम फ़ौज नियुक्त की गईं है। लेकिन इन शिक्षकों की फ़ौज होने के बाबजूद परीक्षा परिणाम निकालने में जिला फिसड्डी साबित हो रहा है। क्योकि जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के चलते बेलगाम हो चुके शिक्षा विभाग द्वारा कोई कार्यवाही न किये जाने की बजह से शिक्षकों द्वारा अपने कार्य में लापरवाही बरती जा रही है। जिसका खामियाजा छात्र छात्राओं को उठाना पड़ रहा है।

### नकल कराकर शिक्षक करते हैं भविष्य के साथ खिलबाड़




शासकीय स्कूलों में पढ़ने बाले छात्र छात्राओं को बेसिक पढ़ाई न कराकर सालभर की अपनी लापरवाही पर पर्दा डालने की नियत से शिक्षकों द्वारा बोर्ड रहित परीक्षाओं में नकल कराकर छात्रों की नींब कमजोर कर उनके भविष्य के साथ खिलबाड़ किया जाता है। जिसकी कई बार खबरें भी सामने आती हैं लेकिन जिम्मेदार शिक्षा विभाग द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जाती। जिसके परिणाम स्वरूप बोर्ड की परीक्षा में छात्र या तो फेल हो जाते हैं या फिर अच्छे नंबर नहीं ला पाते।

### बंधा मामले में शिक्षाधिकारी ने खोली थी जिले की पोल

जिले की ध्वस्त होती जा रही शिक्षा प्रणाली का ताज़ा प्रत्यक्ष प्रमाण बँधा हाई स्कूल का सामने है। जिसमे प्रिंसिपल रोशनी दाँगी सहित 4 नियमित शिक्षकों के अलावा 17 अतिथि शिक्षकों की भारी भरकम फ़ौज है। लेकिन इसके बाबजूद बहाँ इसी वर्ष कक्षा 9वीं में 123 छात्रों में से मात्र 11 छात्र पास हो पाए। जबकि 112 छात्र फेल हो गए। ज़ब उक्त स्थिति की बजह जानने के लिए संबंधित शिक्षाधिकारी से पूँछा गया तो उन्होंने हास्याप्रद जबाब देते हुये कहा गया था कि अन्य स्कूलों में नकल के माध्यम से अपना परीक्षा परिणाम सुधारा गया है जबकि बंधा हाई स्कूल में नकल नहीं कराई गईं इसलिए परिणाम 10 प्रतिशत रहा। इस बयान का मतलब तो यही है कि जिले के शासकीय स्कूलों में शिक्षकों द्वारा नकल कराकर छात्रों की नींव कमजोर और अपनी तनख्वाह मजबूत की जाती है।

### दयनीय शिक्षा स्थिति को देख ब्लैकलिस्टेड होंगे अतिथि शिक्षक..?

जिले की शिक्षा व्यवस्था अधिकांशतः अतिथि शिक्षको के कंधो पर है। पढ़ाई न होने से पीड़ति छात्रों के परिजनो ने प्रशासन से अब सवाल किया है कि शिक्षकों द्वारा हमारे बच्चो को स्कूल में पढ़ाने के बजाय समय व्यतीत कर सिर्फ अपनी वेतन बनबाई जाती है। अगर शिक्षकों ने स्कूल में बच्चो को पढ़ाया होता तो जिले के स्कूलों का इतना दयनीय परीक्षा परिणाम नहीं होता। परिजनों ने कहा कि अतिथि शिक्षकों को तो शिक्षण कार्य के अलावा अन्य गैर शिक्षकीय कार्य भी नहीं करने पड़ते तो फिर जिले का ये इतना खराब परीक्षा परिणाम क्यों आया। छात्रों के परिजनों ने कड़ी नाराजगी व्यक्त कर प्रशासन से मांग करते हुये पूँछा है कि अपने शिक्षण कार्य में गंभीर लापरवाही वरतने बाले शिक्षकों व अतिथि शिक्षिको को ब्लैकलिस्टेड करके प्रशासन द्वारा अन्य शिक्षकों को कड़ा संदेश दिया जायेगा क्या।

### कार्रवाई होगी

जिले परीक्षा परिणाम शर्मनाक रहा है। जिसको लेकर शीघ्र ही उचित कार्यवाही देखने को मिलेगी और परिवर्तन भी। शिक्षा के मंदिर को देश के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने का स्थान नहीं बनने दिया जायेगा।

- नरेश तिवारी, अध्यक्ष नगर भाजपा टीकमगढ़

जिले का जो निराशाजनक परीक्षा परिणाम आया है, उसमे जिम्मेदारी तय करके कार्रवाई की जाएगी।

-इंदुलाल अट्या, डीईओ, शिक्षा विभाग टीकमगढ़

# गैस उपभोक्ताओं को सिलेंडर डिलेवरी न होने से हो रही परेशानी

## प्लांट खराबी से गिर्राज गैस एजेंसी पर लगी लंबी कतारें

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

शहर में पिछले तीन दिनों से रसोई गैस की भारी किल्लत से आमजन को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बुधवार को कलेक्टरेट रोड स्थित गिर्राज गैस एजेंसी पर सिलेंडर लेने के लिए उपभोक्ताओं की लंबी कतारें देखने को मिलीं। महिलाएं, बुजुर्ग और पुरुष हाथ में खाली सिलेंडर लिए एजेंसी के बाहर खड़े नजर आए। लोगों का कहना है कि बुकिंग के बावजूद उन्हें समय पर गैस सिलेंडर की होम डिलीवरी नहीं मिल रही।

लुकमान चौराहा निवासी इसरार मोहम्मद ने बताया कि उन्होंने आठ दिन पहले गैस बुक कराई थी, लेकिन सिलेंडर अब तक नहीं मिला। गैस खत्म होने के बाद उन्हें खुद एजेंसी पहुंचकर लाइन में लगना पड़ा। कई अन्य उपभोक्ताओं ने भी यही शिकायत दोहराई कि पहले 2-3 दिन में सिलेंडर घर पहुंच जाता था, लेकिन अब एक हफ्ते बाद भी डिलीवरी नहीं हो रही।



### गैस प्लांट में आई तकनीकी खराबी बनी समस्या की जड़

गिर्राज गैस एजेंसी के संचालक संजय गर्ग ने बताया कि 3 मई को आए तेज आंधी-तूफान के कारण गैस प्लांट में तकनीकी खराबी आ गई थी, जिससे गैस सिलेंडरों की सप्लाई बाधित हो गई। उन्होंने कहा कि फिलहाल प्लांट से प्रतिदिन केवल एक ही गाड़ी गैस सिलेंडरों से भरी आ रही है, इसलिए स्टॉक सीमित होने के चलते सिलेंडरों का वितरण एजेंसी से ही किया जा रहा है।

उन्होंने यह भी जानकारी दी कि बुधवार सुबह 9:30 बजे एक गाड़ी सिलेंडरों से भरी आई थी और शाम तक दूसरी गाड़ी के पहुंचने की संभावना है। संचालक ने आश्वस्त किया कि एक-दो दिनों में स्थिति सामान्य हो जाएगी और गैस की आपूर्ति पूर्ववत शुरू हो जाएगी।

**जनता की मांग**

व्यवस्था में सुधार होगैस उपभोक्ताओं का कहना है कि एजेंसी द्वारा समय पर सूचना नहीं दी जाती, जिससे उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ता है।

# अब जिला हुआ तपस्या के हवाले, प्रशासनिक कार्यों में निरंतरता की जागी उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

जिले को एक नई प्रशासनिक ऊर्जा मिली है। छतरपुर जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी और 2018 बैच की भारतीय प्रशासनिक सेवा की अधिकारी तपस्या परिहार ने मंगलवार को कलेक्टर का अस्थाई प्रभार ग्रहण किया। यह कार्यभार उन्हें कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के 5 से 16 मई तक के अवकाश की अवधि हेतु सौंपा गया है।

प्रभार ग्रहण के अवसर पर कलेक्ट्रेट कार्यालय टीकमगढ़ में एक सादे, मगर सौहार्दपूर्ण माहौल में संयुक्त कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह, एसडीएम जतारा संजय कुमार दुबे, डिप्टी कलेक्टर एस.के. तोमर सहित अन्य अधिकारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर प्रभारी कलेक्टर का स्वागत किया। यह दृश्य न केवल एक प्रशासनिक बदलाव का था, बल्कि जिले की सतत विकास यात्रा में अगले पड़ाव की शुरुआत भी थी।



तपस्या परिहार का अब तक का प्रशासनिक कार्यकाल कर्मठता, स्पष्ट दृष्टिकोण और जनभागीदारी पर केंद्रित रहा है। छतरपुर में उनकी कार्यशैली ने पंचायती योजनाओं को ज़मीन से जोड़ते हुए अनेक प्रभावी परिणाम दिए हैं। टीकमगढ़ जैसे संवेदनशील जिले को उनका नेतृत्व निश्चित रूप से सुशासन और जवाबदेही की नई दिशा प्रदान करेगा।

# आकाश की मौत या हत्या? जेवर चौकी में हंगामा, तोड़फोड़ और बवाल



हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

चंदेरा थाना अंतर्गत जेवर चौकी में युवक की संदिग्ध मौत पर बवालमृतक आकाश अहिरवार के परिजनों ने जताई हत्या की आशंका, चौकी में हंगामा और तोड़फोड़, कुछ पुलिसकर्मी घायलटीकमगढ़। जिले के चंदेरा थाना क्षेत्र अंतर्गत जेवर चौकी में रविवार को एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के बाद क्षेत्र में तनाव की स्थिति बन गई। मृतक की पहचान आकाश अहिरवार के रूप में हुई है, जिसकी मिट्टी धंसने से मौत होने की प्रारंभिक सूचना मिली है, परंतु परिजनों ने इसे हत्या बताते हुए चौकी में जबरदस्त हंगामा और तोड़फोड़ कर दी।सूत्रों के मुताबिक, गुस्साए परिजनों ने चौकी परिसर में दरवाजे, कुर्सियां और दस्तावेजों को नुकसान पहुंचाया, जिसमें कुछ पुलिसकर्मी भी घायल हो गए हैं। घटना के बाद मौके पर भारी पुलिस बल बुलाया गया और स्थिति को काबू में किया गया।परिजनों ने स्पष्ट रूप से हत्या की आशंका जताते हुए एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। उनका कहना है कि आकाश की मौत किसी गहरी साजिश का परिणाम है और उसे योजनाबद्ध तरीके से मारा गया है। उन्होंने पुलिस पर लापरवाही बरतने का आरोप भी लगाया।चंदेरा थाना पुलिस और जेवर चौकी के अधिकारियों ने तत्काल स्थिति को संभालते हुए परिजनों को शांत कराया और पंचनामा कार्यवाही के बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट, साक्ष्य और स्थानीय पूछताछ के आधार पर ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# लोकायुक्त के चंगुल में फंसते हुए हेड कांस्टेबल का वीडियो वायरल, बल्देवगढ़ का मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

जिले के बल्देवगढ़ थाना इन दिनों एक बड़े रिश्वतकांड को लेकर सुर्खियों में है। यहां तैनात प्रधान आरक्षक बालचंद प्रजापति की करतूत का भंडाफोड़ उस वक्त हुआ, जब रिश्वत लेते हुए उसका वीडियो वायरल हो गया। दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद इस वीडियो में प्रजापति जेब में पैसे रखते और बेफिक्री से कोल्ड ड्रिंक पीते हुए साफ नजर आ रहा है।यह घटना सिर्फ एक वायरल वीडियो नहीं, बल्कि कानून के रखवालों के बीच पनपते भ्रष्टाचार की जीती-जागती मिसाल बन चुकी है।

### रिश्वत मांगने की थी पूरी स्क्रिप्ट तैयार

मामला पपावनी गांव का है, जहां 24 अप्रैल को मारपीट की एक एफआईआर दर्ज हुई थी। इसी मामले में आरोपी बनाए गए दो व्यक्तियों के नाम हटाने के एवज में प्रधान आरक्षक बालचंद प्रजापति ने 10 हजार रुपए की रिश्वत की मांग की। शिकायतकर्ता छत्रपाल सिंह लोधी ने पहले ही थाने में 5 हजार रुपए थमा दिए थे। मगर मामला यहीं नहीं रुका।




### लोकायुक्त टीम की सटीक चाल

पीड़ित ने पूरे प्रकरण की शिकायत 2 मई को लोकायुक्त कार्यालय सागर में दर्ज कराई। इसके बाद डीएसपी संजय जैन के नेतृत्व में टीम ने रणनीति तैयार की। शिकायतकर्ता और प्रधान आरक्षक के बीच हुई बातचीत को रिकॉर्ड किया गया, जिसमें रिश्वत की मांग की पुष्टि हुई। इसके बाद लोकायुक्त टीम ने मंगलवार को बल्देवगढ़ बस स्टैंड के पास जाल बिछाया। जैसे ही प्रजापति ने शेष 5 हजार रुपए लिए, टीम ने उसे रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया।

### अब सामने आया वीडियो तस्दीक हुई बेईमानी

बुधवार को जैसे ही रिश्वत लेने का सीसीटीवी फुटेज सामने आया, पूरे जिले में सनसनी फैल गई। वीडियो में देखा जा सकता है कि किस तरह बिना किसी भय के आरोपी आरक्षक रिश्वत की रकम जेब में डालता है और आराम से कोल्ड ड्रिंक का सेवन करता है।

### दर्ज हुआ पुलिस भ्रष्टाचार का मामला

लोकायुक्त ने आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। अब मामला पुलिस महकमे के साथ-साथ प्रशासनिक गलियारों में भी चर्चा का विषय बना हुआ है।

# बेसहारा हुई महिला को एसपी ने दिलाया अनुकंपा का सहारा




हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

कर्तव्यपालन के दौरान बीमारी से निधन को प्राप्त हुए स्वर्गीय आरक्षक संजय अहिरवार की पत्नी रजनी अहिरवार को अनुकंपा नियुक्ति के तहत महिला आरक्षक पद पर नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति पुलिस महानिरीक्षक सागर रेंज, प्रमोद वर्मा के निर्देशानुसार की गई।

इस संबंध में 6 मई को पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में उन्हें नियुक्ति पत्र सौंपा गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने रजनी अहिरवार को उनके नए दायित्व के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि, यह नियुक्ति न केवल उनके परिवार को संबल प्रदान करेगी, बल्कि दिवंगत आरक्षक के कर्तव्यपथ को सम्मान भी देगी। रजनी अहिरवार अब जिला पुलिस बल टीकमगढ़ में सेवाएं देंगी। इस नियुक्ति से न केवल दिवंगत आरक्षक की स्मृति को सम्मान मिला है, बल्कि यह व्यवस्था उन परिवारों के लिए भी आशा की किरण है जो कठिन समय में अपनों को खो चुके हैं।

एसपी मंडलोई ने बताया कि कर्तव्यपालन के दौरान बीमारी से मौत होने पर स्वर्गीय आरक्षक संजय अहिरवार की पत्नी रजनी अहिरवार को अनुकंपा नियुक्ति के तहत महिला आरक्षक पद पर नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति पुलिस महानिरीक्षक सागर रेंज, प्रमोद वर्मा के निर्देशानुसार की गई। जिससे महिला को अपने परिजनों व परिवार का जीविकोपार्जन करने में किसी पर आश्रित न रहना पड़े।

### सरकारी उपज खरीद केंद्र पर अव्यवस्थाओं से नाराज थे किसान

# तुलाई में देरी से नाराज किसानों ने लगाया जाम, तौल शुरू होने पर ही माने

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

शासकीय समर्थन मूल्य खरीद केंद्र पर कर्मचारियों की लापरवाही से नाराज किसानों ने बुधवार को श्योपुर कोटा हाईवे पर जाम लगाकर विरोध प्रदर्शन किया। जाम लगने की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे कोतवाली टीआई दिनेश राजपूत द्वारा किसानों को समझाइश दी गई। लेकिन किसान जाम खोलने पर तभी राजी हुए जब बंद ख़रीद केंद्र पर तुलाई शुरू हो गई। हालांकि बुधवार को लगे जाम से लोगों को खास परेशानी नहीं हुई लेकिन किसानों के इस विरोध प्रदर्शन ने प्रशासनिक व्यवस्था की पोल खोल जरूर खुल गई। ज्ञात हो कि खरीद केंद्र पर गेहूं तुलाई का समय प्रशासन ने सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक निर्धारित किया है लेकिन तुलाई कभी नियत समय पर शुरू नहीं होती है। बुधवार को भी तुलाई दोपहर 12 बजे जाम लगने के बाद ही शुरू हो सकी। जैदा मंडी के भीतर सरकारी समर्थन मूल्य के खरीद केंद्र पर तुलाई शुरू नहीं होने से गुस्साए किसानों ने मंडी के बाहर जैदा गांव के सामने कोटा श्योपुर हाईवे (मंडी रोड) पर जाम लगा दिया। सुबह 11:15 बजे लगा जाम दोपहर 12:00 बजे यानी करीब पौने घंटे में ही उसे समय खुल गया जब पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे कोतवाली टीआई दिनेश राजपूत ने किसानों को बताया कि तुलाई सेंटर शुरू हो गया है आप अपनी फसलों को खरीद केंद्र पर पहुंच कर तुलाई करवा सकते हैं। इस दौरान टीआई राजपूत ने किसानों को बताया कि उनकी बात एसडीएम सर से हो गई है उन्होंने आश्वासन दिया है कि अब से रोजाना निर्धारित समय पर ही तुलाई शुरू कराई जाएगी। टीआई राजपूत के इस आश्वासन से सड़क पर जाम लगाने आए किसान वापस मंडी में और लाइन में लगे अपने ट्रैक्टर ट्रॉली पर पहुंच गए जहां उन्हें अपनी फसल तुलाई करानी थी।



#### किसानों के डर से मौके पर नहीं पहुंचा मंडी प्रशासन

किसानों द्वारा लगाए गए जाम के दौरान रोचक घटनाक्रम यह रहा कि इस अव्यवस्था के लिए जिम्मेदार मंडी प्रशासन ने मौके पर पहुंच कर किसानों को समझाइश देने की भी जरूरत महसूस नहीं की। जाम लगाकर प्रदर्शन कर रहे किसानों की सूचना मंडी प्रशासन को मिल चुकी थी और पुलिस ने भी मंडी प्रशासन को फोन लगाकर किसानों को समझाइश देकर जाम खुलवाने को कहां था लेकिन मंडी प्रशासन इस डर से मौके पर नहीं पहुंचा कि कहीं आक्रोशित किसान उनकी लापरवाही को देखते हुए उन पर हमला न कर दें। बाद में इस काम की कमान टीआई राजपूत ने संभालते हुए किसानों को मंडी प्रशासन और जिला प्रशासन की ओर से समझाइए देकर जाम खुलवाया।

#### बे सबब बे वजह नहीं थी किसानों की नाराजगी

किसानों द्वारा लगाया गया जाम बे सबब और बे वजह नहीं था। दरअसल मंडी प्रशासन और तुलाई सेंटर के कर्मचारियों की ला परवाही के कारण ही किसान इस तरह का आंदोलन करने को मजबूर हुए। किसानों का कहना है कि तुलाई सेंटर पर फसल तोले जाने का समय सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक निर्धारित किया है लेकिन कभी भी इस केंद्र पर तोल सुबह 8 बजे शुरू नहीं हो सकी है। तोल कभी 10 बजे तो कभी 11 बजे और कभी-कभी तो 12 बजे शुरू होती है जबकि शाम को 6 बजते ही तोल बंद कर दी जाती है। किसानों का कहना है कि अगर प्रशासन तुलाई निर्धारित समय से देर तक करता है तो फिर तुलाई शाम को भी देर तक करनी चाहिए ताकि किसानों की फसल समय पर तोली जा सके। बुधवार को भी तुलाई सेंटर दोपहर 12 बजे तब शुरू हो सका जब किसानों ने नाराज़ होकर जाम लगा दिया था।

### मामला बंजाराडैम के नजदीक श्योपुर कोटा मार्ग पर किए गए चक्काजाम का

# शराब की दुकान हटाने किया चक्काजाम पुलिस ने 39 लोगों पर ठोकी एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

शहर के बंजाराडैम के नजदीक मंगलवार को स्थानीय लोगों ने यहां बस्ती में खोली गई शराब दुकान को हटाने के लिए चक्काजाम किया था। इस चक्काजाम को लेकर कोतवाली थाना पुलिस ने 4 नामजद और 35 अज्ञात समेत 39 लोगों पर एफआईआर दर्ज कर दी है।

यहां बता दें कि बंजाराडैम के पास शराब दुकान खुल गई है। जिसका स्थानीय लोग खास विरोध कर रहे है। इस मामले को लेकर स्थानीय लोग न सिर्फ पहले जाम लगा चुके है, बल्कि कलेक्ट्रेट पहुंचकर दुकान हटाए जाने के लिए प्रदर्शन करते हुए ज्ञापन भी प्रशासन को सौंप चुके है। हालांकि इस दौरान अफसरों के द्वारा शराब दुकान वहां से हटवाए जाने का भरोसा दिलाया गया,लेकिन इसके बाद भी दुकान मौके से हट नहीं सकी। जिससे नाराज होकर स्थानीय लोगों ने मंगलवार को एक बार फिर जाम लगा दिया है। इस जाम से करीब साढे तीन घंटे तक कई वाहनों के पहिए थमे रहे। पुलिस ने माना है कि इस चक्काजाम से उन लोगो को खासी परेशानी हुई,जो यात्री सहित निजी वाहनों में सवार होकर इस जाम में फंसे रहे। कोतवाली टीआई दिनेश राजपूत ने बताया कि इस तरह जाम लगाकर यातायात को अवरूद्ध करना सरासर नियमों के खिलाफ है। इसलिए इस मामले में विनोद, शानू खान, इलियास अंसारी, गुड्डी बाई तथा 35 अज्ञात लोगों के खिलाफ चक्काजाम करने की एफआईआर दर्ज कर ली है।




# पुलिस भर्तीः श्योपुर में एक और मिला फर्जी अभ्यर्थी, दर्ज हुई एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

श्योपुर जिले में राज्य स्तर पर पुलिस भर्ती 2023 से चयनित होकर आए अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का परीक्षण किया जा रहा है। दस्तावेजों के परीक्षण के दौरान एक और फर्जी अभ्यर्थी पकड़ा गया है। जिसके खिलाफ भी कोतवाली थाना पुलिस ने धोखाधड़ी सहित अन्य कई धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली है। इसके पहले दो अभ्यर्थी भी फर्जी पाए गए हैं। जिन पर भी एफआईआर दर्ज हो चुकी है। कोतवाली थाना पुलिस ने बताया कि अमन सिंह पुत्र रंजीत मीणा निवासी अटार थाना टैंटरा जिला मुरैना का आधार कार्ड में परीक्षण के दौरान संदिग्ध मिला है। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि उसके द्वारा भी पुलिस भर्ती परीक्षा में शामिल होने से पहले और बाद में कई बार अपने आधार कार्ड में परिवर्तन करवाया गया है। इसलिए अमन सिंह मीणा के खिलाफ धोखाधड़ी सहित अन्य कई धाराओ में एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है। इसके पहले सोनू रावत पुत्र रामगोपाल रावत निवासी खनपुरा थाना सबलगढ जिला मुरैना और संतोष रावत पुत्र हरिशंकर रावत निवासी जाटौली थाना टेंटरा जिला मुरैना के खिलाफ भी इस तरह का मामला दर्ज कर चुकी है,क्यांकि इनके आधार कार्ड में भी परीक्षा के दौरान संदिग्ध पाए गए थे।




### बोर्ड परीक्षाओं में जिले का गौरव बढ़ाने वाली प्रतिभाओं का सम्मान

# यह सफलता की शुरूआत, इसे आगे भी बरकरार रखेंःकलेक्टर




श्योपुर। कलेक्टर अर्पित वर्मा ने जिले का गौरव बढ़ाने वाली प्रतिभाओं के सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि यह सफलता की शुरूआत है। इसे आगे भी बरकरार रखें तथा अपनी रूचि अनुसार विषयों का चयन कर कैरियर बनायें। वे आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कक्षा 10 एवं 12वी की बोर्ड परीक्षा की राज्य स्तरीय एवं जिला स्तरीय मैरिट सूची में आने वाले मैधावी विद्यार्थियों को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक वीरेन्द्र जैन, भाजपा जिला अध्यक्ष शंशाक भूषण, जिला शिक्षा अधिकारी एमएल गर्ग, सहायक संचालक शिक्षा यश जैन सहित अन्य शिक्षक तथा विद्यार्थियों के परिजन उपस्थित थे। इस अवसर पर बच्चों को शील्ड एवं प्रमाण पत्र तथा कलम भेंटकर सम्मानित किया गया। कलेक्टर ने सभी बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पढाई के दौरान अपने सक्सेसफुल को बनाये रखें। सक्सेस को अपने ऊपर हावी न होने दें, लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढें तथा अपनी रूचि के अनुसार कैरियर का चयन करें। उन्होने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि बच्चों के मार्गदर्शन के लिए विषय चयन हेतु कैरियर काउंसलिंग आयोजित की जायें। इस दौरान कक्षा 10 वीं की बोर्ड परीक्षा में राज्य स्तरीय मेरिट सूची में 500 में से 494 अंक प्राप्त कर सातवा स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा प्रयांशी गोयल सहित हाईस्कूल परीक्षा की जिला स्तरीय मैरिट सूची में प्रथम स्थान प्राप्त करने के लिए साकेत अवस्थी, द्वितीय स्थान के लिए शिवम शर्मा एवं तृतीय स्थान के लिए नरेन्द्र राठौर को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही हायर सैकेण्डरी बोर्ड परीक्षा की जिला स्तरीय मैरिट सूची में कला संकाय में प्रथम स्थान के लिए बरसाना मीणा, द्वितीय स्थान के लिए रीना मीणा, गणित एवं विज्ञान संकाय में प्रथम स्थान के लिए अमन राठौर, द्वितीय स्थान के लिए नव्या सिंहल, तृतीय स्थान के लिए कृष्णा शर्मा, वाणिज्य संकाय में प्रथम स्थान के लिए गुरूसेवक सिंह, द्वितीय स्थान के लिए नीरज मीणा तथा कृषि संकाय में प्रथम स्थान के लिए सोनम रावत को भी सम्मानित किया गया।

# चिलवानी लूट मामले का मास्टरमाइंड चिन्हित, पुलिस जल्द करेगी गिरफ्तारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

चिलवानी थाना क्षेत्र में बाइक सवार पति पत्नी के साथ लूट की वारदात को अंजाम देकर फरार हुए चार बदमाशों में से पुलिस ने घटना के मास्टर माइंड को चिन्हित कर लिया है। जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने प्रयास शुरू कर दिए हैं। मास्टर माइंड महेन्द्र पुत्र मांगीलाल यादव निवासी हीरापुरा की गिरफ्तारी पर एसपी वीरेन्द्र जैन दस हजार का इनाम घोषित कर चुके है। थाना प्रभारी चिलवानी ध्रुव सिंह भदौरिया ने बताया कि मास्टर माइंड की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगी हुई है। जल्द ही उसकी गिरफ्तारी हो जाएगी। बता दें कि नामजद हुआ मास्टर माइंड शिवपुरी के बैराड थानाक्षेत्र में विगत माह में लूट की वारदात को अंजाम देकर फरार है।

# संदिग्ध परिस्थितियों के बीच युवती लापता, आखातीज पर हुई थी शादी

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

मानपुर थाना क्षेत्र के ग्राम जैनी से एक युवती गत रात्रि के दौरान संदिग्ध परिस्थितियों के बीच अपने घर से लापता हो गई। परिजनों के द्वारा काफी खोजबीन करने के बाद भी युवती का कोई अता पता नहीं है। युवती की इस साल आखातीज पर शादी हुई थी। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि ग्राम जैनी निवासी युवती किस्मत बैरवा 22 वर्ष की इस साल आखातीज पर शादी हुई थी। वह पहली बार ससुराल से लौटकर अपने घर आ गई थी और फिर गत रात्रि के दौरान वह अचानक लापता हो गई।

# उधार सामान न दिया तो लट्ठमारकर फोड़ दिया दुकानदार का सिर, केस दर्ज

श्योपुर। उधार सामान नहीं दिया तो इससे नाराज होकर ग्राहक ने लट्ठमारकर दुकानदार का सिर फोड़ दिया। जिससे दुकानदार जख्मी हो गया। मंगलवार की शाम को यह विवाद मानपुर थाना क्षेत्र के गांव रामबाडी हुआ। इस मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है। मानपुर थाना पुलिस के मुताबिक ग्राम रामबाडी निवासी सियाराम बंजारा जब अपनी दुकान पर बैठा था,तभी वहां गांव का ही गोकुल बंजारा पहुंचा और उधार सामान मांगा, मगर सियाराम ने उसे उधार सामान देने से मना कर दिया। इससे गोकुल इतना नाराज हो गया कि उसने गाली गलौच करते हुए सियाराम का सिर लट्ठमारकर फोड दिया। इस दौरान सियाराम जख्मी हो गया,उसे सिर और कान में चोट आई है। पुलिस ने सियाराम की रिपोर्ट पर गोकुल के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है।

# दिव्यांग सर्टिफिकेट के लिए सहसराम में शिविर आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा टीएल बैठक में दिये गये निर्देशों के अनुसार दिव्यांगजनो के मेडिकल बोर्ड से सर्टिफिकेट बनाए जाने के लिए सहसराम में 8 मई को तथा विजयपुर में 15 मई को शिविर लगाये जायेंगे। कलेक्टर ने सीईओ जनपद पंचायत विजयपुर एवं सीएमओ नगर परिषद विजयपुर को निर्देश दिये है कि ऐसे दिव्यांगजन जिनके प्रमाण पत्र नही बने है, उन्हें शिविर स्थल पर पहुंचाना सुनिश्चित करे तथा वार्ड प्रभारियों को दायित्व प्रदान करें।

# कराहल में हर रोज हो रही पानी की फिजूल बर्बादी, अफसर कर रहे अनदेखी

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

एक तरफ शासन प्रशासन पानी सहजने के लिए अभियान चला रहे है। वहीं दूसरी तरफ आदिवासी विकासखंड मुख्यालय कराहल पर हर रोज पानी की फिजूल बर्बादी हो रही है। लेकिन विकासखंड मुख्यालय पर बैठे अफसर इस दिशा में अनदेखी बरत रहे हैं। इस पर स्थानीय लोगों ने नाराजगी व्यक्त करते हुए प्रशासन से पानी की फिजूल बर्बादी रोकने के लिए जरूरी कदम उठाए जाने की मांग की है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि जल जीवन मिशन के तहत कराहल कस्बे में भी घर घर नल कनेक्शन दिए गए है। लेकिन कनेक्शन देने के इस मामले में लापरवाही बरती गई है। जिसकारण पानी की सप्लाई चालू होते ही कराहल कस्बे में जगह जगह पानी का लीकेज होना शुरू हो जाता है और जब तक नल चलते है,तब तक हर रोज हजारो गैलन पानी की बर्बादी होती है। पानी की यह फिजूल बर्बादी आगामी दिनों में पानी की गंभीर संकट निर्मित कर सकती है। बीरेन्द्र पाराशर, गिर्राज मित्तल, सोनू सिंघल, सन्तोष शर्मा, प्रभात, हरिओम, मोनू, मनोज आदि कई लोगों ने जिला कलेक्टर से पानी की इस फिजूल बर्बादी को रूकवाए जाने की मांग की है।



# मानसून पूर्व नालों की तलाझाड़ सफाई उधर सप्ताह भर से नहीं उठा कचरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

बारिश के समय कहीं पर भी जल भराव की स्थिति निर्मित न हो इस उद्देश्य से कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा मानसून पूर्व नालों की सफाई के दिए गए निर्देश की पालना नगर पालिका कर तो रही है लेकिन जिन नालों का कचरा इस सफाई के दौरान निकाला जा रहा है उक्त कचरे को उठाने में नगर पालिका को एक सप्ताह का समय तक लग रहा है जिसके कारण न सिर्फ बस्ती में बदबू ओर संक्रमण फैल रहा है बल्कि नालों से निकाला गया कचरा वापस नाले में भरकर फिर अब व्यवस्था का कारण बन रहा है। इस क्रम वार्ड नं 2 की पार्षद रेखा महावीर वाल्मीकि ने उनके वार्ड में जानबूझकर नाले साफ़ नहीं करने ओर कचरे का उठाव देरी से करने के आरोप लगाए हैं।

इन दिनों शहर के मुख्य नालों की सफाई नगर पालिका जेसीबी और सफाई कर्मचारियों के माध्यम से विशेष रूप से करा रही है। मानसून पूर्व नालों की सफाई इसलिए कराई जाती है ताकि बस्ती में कहीं जल भराव की स्थिति निर्मित न हो बाढ़ जैसी स्थिति से लोगों को बचाने बाढ़ के खतरे को कम करने के उद्देश्य इस तरह की गतिविधि हर साल की जाती है लेकिन की जा रही गतिविधियों का असर शायद दिखाई नहीं पड़ रहा नाले जगह जगह से ओवरफ्लो होकर बह रहे हैं हाल ही में चूड़ी मार्केट और सब्जी मंडी में नाले इस तरह ओवरफ्लो हुए कि लोगों को बाढ़ की याद आ गई। इन दो मार्केट में भीषण गर्मी में जब एक बूंद भी आसमान से पानी नहीं बरसा हो दो-दो फीट पानी भर जाने से दुकान दार दहशत में आ गए थे। उधर टोडी गणेश बाजार में गणेश मंदिर से लेकर पुल दरवाजा तक आए दिन नाले ओवरफ्लो होकर बहते हैं हालांकि ऐसा नहीं है कि नालों की सफाई नहीं होती हो नगर पालिका नालों की सफाई आए दिन कराती रहती है लेकिन नाले हैं कि पानी बहाव करने के बजाय ओवरफ्लो ही हो रहे हैं। उधर नालों की सफाई के बाद कचरा नहीं उठाने की समस्या से भी लोग परेशान है।



#### नाला निर्माण में अव्यवस्था से जलभराव का खतरा

वार्ड क्रमांक 2 सिद्दीक ठेकेदार के मकान से किला रोड पुलिया तक जो नाला पुराना बना हुआ है इस नाले को पुलिया से किला गेट के आगे बगवाज पुलिया तक नए नाले से जोड़ा गया है पर जो नया नाला बनाया है उसमें की गई अनियमितता से इस नाले का पानी पूरी तरह से नहीं निकल पा रहा है। जिसके कारण इस नाले से बारिश के समय बस्ती में जल भराव की स्थिति निर्मित हो सकती है। नगर पालिका कि इस लापरवाही का खामियाजा बस्ती वासियों को वर्षाकाल में न उठाना पड़े यह सोच कर लोग डरे हुए हैं ।

#### इनका कहना है...

मेरे वार्ड में जानबूझकर गंदगी की जा रही है। नाला सफाई कर सप्ताह भर तक कचरा नहीं उठाया जाता है। जिससे बस्ती में संक्रमण फैल रहा है। मैं कई बार सीएमओ को लिखित आवेदन देकर कचरा उठाने की मांग कर चुका हूं लेकिन वह अनुसूचित जाति वर्ग के होने की वजह से मेरी ओर मेरे वार्ड की उपेक्षा कर रहे हैं।

**रेखा महावीर वाल्मीकि**
**पार्षद वार्ड नं 2**

इन दिनों मानसून पूर्व नालों की सफाई का काम युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। सीमित लेबर के माध्यम से सफाई कराई जा रही है जो कचरा नाले से निकाला जाता है उसे तत्काल उठाने का प्रयास किया जाता है जो नाले बस्ती से दूर होते हैं उन नालों का कचरा सूखने का इंतजार किया जाता है, ताकि ट्रैक्टर ट्राली में भरकर ले जाते समय गंदा पानी सड़कों पर ना बहे।

**अरविंद पाराशर**
**हेल्थ ऑफिसर नपा**

### सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित

# गैस एजेंसी से मैरिज गार्डन रोड को रनिंग में लाएं, कम होगा यातायात का दबाबःवर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

गैस एजेंसी से नगरपालिका मैरिज गार्डन रोड को रनिंग में लाया जाए। क्योंकि इससे मैन रोड पर यातायात का दबाव कम होगा। इसलिए गैस एजेंसी रोड पर विधुत खम्बो एवं तारों को व्यवस्थित किया जायें तथा रोड के आसपास साफ-सफाई कर दृश्य सुलभ बनाया जाए। इस मार्ग का उपयोगी संचालन सुनिश्चित किया जाए। यह निर्देश कलेक्टर अर्पित वर्मा ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित सड़क सुरक्षा समिति की बैठक को संबोधित करते दिए। बैठक में एसपी वीरेन्द्र जैन, सीईओ जिला पंचायत अतेन्द्र सिंह गुर्जर, भाजपा जिला अध्यक्ष शंशाक भूषण, डिप्टी कलेक्टर संजय जैन, एसडीओपी राजीव गुप्ता, जिला परिवहन अधिकारी रंजना कुशवाह, तहसीलदार अर्जुन सिंह भदौरिया, यातायात प्रभारी संजय सिंह राजपूत, कोतवाली टीआई दिनेश राजपूत सहित सडक निर्माण विभागों के अधिकारी एवं आटो-बस यूनियन, व्यापारी संघ के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर अर्पित वर्मा ने कहा कि शहर में यातायात को व्यवस्थित करने के लिए जयस्तभ चौंक से मैन चौराहा, पुरानी कचहरी तक तथा पुल दरवाजा रोड पर तथा बायपास मार्ग पर सफेद मार्किंग की जाए। उन्होने कहा कि एनएच द्वारा भी कार्य पूर्ण होने पर वांछित स्थानों पर संकेतक तथा रोड फर्नीचर लगायें। उन्होने ब्लैक स्पोट वाले स्थानों पर केट आई लगाने के निर्देश भी दिए। उन्होने कहा कि बंद पडी गुमटियों को हटाने की कार्यवाही की जायें। उन्होने निर्माणाधीन एनएच रोड पर श्योपुर की ओर आने वाले पुराने मार्ग पर संकेतक लगाने के निर्देश भी दियें। उन्होने परिवहन अधिकारी को निर्देश दिये कि यात्री बसो सहित स्कूल बसो के परमिट एवं फिटनेस की जांच की जायें तथा यात्री एवं स्कूल बसो में सुरक्षा मानको के नियमो के अनुरूप सुरक्षा उपाय सुनिश्चित किये जायें।




#### बायपास रोड से रोटेशन अनुसार चलाए जाए ऑटोः एसपी

पुलिस अधीक्षक वीरेन्द्र जैन ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि हिट एण्ड रन के मामले में अब शासन की योजना के तहत मृत्यु होने पर दो लाख तथा घायल को 50 हजार रूपये की सहायता तात्कालिक रूप से प्रदाय किये जायेंगे, यह सहायता अज्ञात वाहन होने पर दी जायेगी। उन्होने कहा कि बायपास रोड से आटो चलाने हेतु रोटेशन अनुसार कार्य योजना तैयार की जायें। उन्होने कहा कि खातौली तिराहे के पास चिन्हित किये गये ब्लैक स्पोट पर एमपीआरडीसी द्वारा सुरक्षात्मक उपाय सुनिश्चित किये जायें।

#### नपा खरीदेगी क्रेन,अतिक्रमण हटाने में होगा उपयोग

शहर में अतिक्रमण हटाने के लिए अब क्रेन का उपयोग किया जाएगा। इसलिए नगर पालिका ने क्रेन क्रय खरीदने संबंधी कार्रवाई शुरू कर दी है। बैठक के दौरान नगरपालिका सीएमओ द्वारा अवगत कराया गया कि क्रेन क्रय करने के लिए टेण्डर बुलाया जाएगा, उन्होंने यह जानकारी भी दी कि शव वाहन के टेण्डर कर लिए गए हैं। उधर हासिलपुर-ढोढर मार्ग पर चिन्हित ब्लैक स्पोट के संबंध में पीएमजीएसवाय के अधिकारियों ने बताया कि यहां साढे पाच मीटर चौड़ी सड़क को ओर अधिक चौड़ा करते हुए 11 मीटर कर दिया गया है।

## खबर संक्षेप

### विवाह के बीच छात्राएं परीक्षा देने पहुंच रही

**ईसागढ़।** मध्य प्रदेश के शासकीय महाविद्यालय ईसागढ़ में बी.ए. तृतीय वर्ष की परीक्षा के दिन एक प्रेरणादायक दृश्य देखने को मिला। कुछ छात्राएं, जो उसी दिन विवाह बंधन में बंधने जा रही थीं, ने शादी की रस्मों के साथ अपनी परीक्षा देने का दृढ़ निश्चय किया। पारंपरिक रीति-रिवाजों को निभाने के बाद, वे सीधे परीक्षा केंद्र पहुँचीं, जहाँ उनकी आँखों में आत्मविश्वास और शिक्षा के प्रति अटूट समर्पण स्पष्ट था। स्थानीय समुदाय और परिवारजनों ने इस उल्लेखनीय घटना को देखा और इन छात्राओं की सराहना की। महाविद्यालय के प्राचार्य 'जयदीप रैकवार' ने छात्राओं के इस प्रयास की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि यह शिक्षा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और आत्मनिर्भरता को दर्शाता है। डॉ जवाहर लाल उन्होंने कहा, हमारे समाज में बेटियों की शिक्षा को प्राथमिकता दी जा रही है, और यह घटना इस सकारात्मक बदलाव का सजीव उदाहरण है। इस प्रेरणादायक घटना ने पूरे क्षेत्र में जागरूकता बढ़ाई और यह संदेश दिया कि शिक्षा किसी भी परिस्थिति में प्राथमिकता होनी चाहिए। इस बीच, दूल्हा कॉलेज के बाहर गाड़ी में इंतजार करता रहा, जब तक कि छात्राएँ अपनी परीक्षा पूरी कर बाहर नहीं आईं। यह नजारा न केवल परिवारों के लिए, बल्कि पूरे समुदाय के लिए चर्चा का विषय बन गया। महाविद्यालय स्टाफ डॉ. संध्या मटसेनिया, डॉ. विवेक पांडे और सहायक केंद्राध्यक्ष डॉ.जे.पी. सिंह' ने भी छात्राओं के इस अनुकरणीय प्रयास की सराहना की।

### भूखंडों के आवंटन के लिए ऑनलाइन आवेदन 15 मई तक

**अशोकनगर।** सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग, मप्र शासन द्वारा अशोकनगर जिले में स्थित विभागीय औद्योगिक क्षेत्र पलकाटोरी तहसील अशोकनगर में रिक्त औद्योगिक भूखंडों के आवंटन हेतु 1 मई से 15 मई तक एक्सप्रेशन ऑफ इन्टरेस्ट आमंत्रित किए गए है। उक्त प्रक्रिया विभागीय पोर्टल पर संपादित की जाएगी। प्रक्रिया अंतर्गत प्रत्येक भूखंड हेतु आवेदन शुल्क रु 5000 होगा। आवेदन शुल्क वापसी योग्य नहीं होगा। आवेदन शुल्क के अतिरिक्त आवेदित भूमि हेतु आवेदन दिनांक को प्रचलित प्रब्याजी की 25 प्रतिशत अग्रिम राशि पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन जमा करनी होगी। भूखंडों का आवंटन मध्यप्रदेश एमएसएमई को औद्योगिक भूमि तथा भवन आवंटन एवं प्रबंधन नियम 2025 के प्रावधानों के अनुसार किया जाएगा। नियम, प्रक्रिया एवं भूखंडो आदि की विस्तृत जानकारी विभाग की बेबसाईट से प्राप्त की जा सकती है।

## जिले में से एक भी छात्र प्रदेश की टॉपर सूची में नहीं, छात्राएं अव्वल रहीं

# जिले में हाई स्कूल का परीक्षा परिणाम 72.38 व हायर सेकंडरी का परीक्षा परिणाम 71.85% रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

माध्यमिक शिक्षा मण्डल की हाई स्कूल और हायर सेकेण्ड्री बोर्ड परीक्षा के परिणाम घोषित किए गए। जिले से एक भी छात्र-छात्रा ने प्रदेश की टॉपर सूची में अपना नाम दर्ज नहीं कराया है। जिले में हाई स्कूल का परीक्षा परिणाम 72.38 रहा और हायर सेकेण्ड्री का परीक्षा परिणाम 71.85 प्रतिशत रहा। गतवर्ष 2024 में कक्षा 12वी का परीक्षा परिणाम 67.92 प्रतिशत रहा था वहीं कक्षा 10वी का परीक्षा परिणाम 49.73 प्रतिशत रहा था। प्रदेश में अशोकनगर जिले की रैंकिग परीक्षा परिणाम के मामले में 41वे स्थान पर है। इस बार भी छात्राओं की संख्या का प्रतिशत 76.66 और छात्रों का प्रतिशत 68.33 प्रतिशत रहा है।

### कौशल यादव जिले की टॉपर सूची में प्रथम स्थान पर रहीं

माध्यमिक शिक्षा मण्डल की हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा के घोषित किए गये परिणाम में जिले की टॉप सूची में 6 छात्र-छात्रओं ने स्थान बनाया है। जिसमें पहले स्थान पर कौशल यादव पुत्री नरेश यादव स्वामी विवेकानंद हाई स्कूल रहे जिन्होनें 500 में से 490 अंक प्राप्त किए हैं। इसी प्रकार दूसरे स्थान पर मॉं कान्वेट स्कूल मुंगावली की छात्रा वैष्णवी सिकरवार पुत्री भूपेन्द्र सिंह सिकरवार रहीं उन्हें 500 में से 488 अंक प्राप्त हुए इसी प्रकार दूसरे नम्बर पर ही यतिका जैन पुत्री अमित जैन संस्कृति हाई स्कूल अशोकनगर रहीं उन्हें में 500 में से 488 अंक मिले। दूसरे नम्बर पर ही अमित जाटव पुत्र रामलाल जाटव स्वामी विवेकांदन हाई सेकेन्ड्री स्कूल रहे जिन्हे 500 में से 488 अंक प्राप्त हुए। तीसरे नम्बर पर नैना यादव पुत्री ओमप्रकाश यादव दीक्षा पब्लिक स्कूल रहीं जिन्हें 500 में 487 अंक प्राप्त हुए और तीसरे स्थान पर ही सौरभ प्रजापति पुत्र शिवकुमार हायर सेकेन्ड्री स्कूल तूमैन रहे जिन्हे 500 में से 487 अंक मिले। इस तरह जिले की टॉपर सूची में पहले स्थान पर एक छात्र के बाद दूसरे स्थान पर 3 और तीसरे स्थान पर 2 छात्र-छात्राएं रहे। 6 छात्र-छात्राओं ने स्वामी विवेकानंद हायर सेकेन्ड्री स्कूल के दो छात्रों ने बाजी मारी।

### राव माधव स्कूल का परीक्षा परिणाम 98 प्रतिशत रहा










नगर के निजी विद्यालय राव माधव हायर सेकेंडरी स्कूल अशोकनगर के सत्र 2024-25 का माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल हाई स्कूल एवं हायर सेकंडरी का परीक्षा परिणाम 98 प्रतिशत रहा। कक्षा 12वी में चेतन शर्मा पुत्र वंशीलाल शर्मा गणित संकाय से 83.8 प्रतिशत से प्रथम स्थान, सरिता अहिरवार पुत्री विष्णु अहिरवार एग्रीकल्चर संकाय से 83.4 प्रतिशत से द्वितीय स्थान, सलोनी रघुवंशी पुत्रीकृष्णवीर रघुवंशी बायोलॉजी संकाय से 82.8 प्रतिशित से एवं किरण अहिरवार पुत्री मनोज अहिरवार एग्रीकल्चर संकाय से 82.8 प्रतिशत से तृतीय स्थान प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया एवं कक्षा दसवीं में काजल शर्मा पुत्री संजय शर्मा 82 प्रतिशत से प्रथम स्थान, पलक रजक पुत्री राजेश रजक 81.8 प्रतिशत से द्वितीय स्थान, प्रिंसी जाट पुत्री सुरेंद्र जाट 77 प्रतिशत से तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय की छात्राओं द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया जिस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य राघवेंद्र सिंह रघुवंशी, शिक्षिका मुस्कान हुसैन, नेहा खरे, अमरदीप सिंह सिद्धू, राखी कुशवाहा, राहुल रघुवंशी, राखी सेन ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।




### स्वामी विवेकानंद हाई स्कूल व हायर सेकंडरी स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा उत्कृष्ट





विद्यालय से कक्षा 10 वी में 96 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए, जिनमें से 94 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुये। कक्षा 12वी में 51 परीक्षार्थी सम्मिलित हुये जिनमें से 44 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुये। कक्षा 10वी में कौशल यादव 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय की प्रवीण्य सूची में प्रथम स्थान पर है। इसी क्रम में 97.6 प्रतिशत अंको के साथ अमित जाटव ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। दीक्षा यादव 96.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रहीं। कक्षा 12 वी में छात्रा सृष्टि शर्मा एवं छात्र भरत रघुवंशी ने 91.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किये एवं विद्यालय की सूची में प्रथम स्थान प्राप्त किया। छात्रा सुहानी शर्मा 89.6 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान पर एवं छात्रा भूमिका रघुवंशी 86.4 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान पर रहीं।



**जिले की 10 की टॉपर सूची में धन्य साहू कला संकाय से प्रथम स्थान पर रहे**

माध्यमिक शिक्षा मण्डल की हायर सेकेन्ड्री बोर्ड परीक्षा में जिले की टॉपर सूची में कला संकाय से धन्य साहू शासकीय मॉडल स्कूल मुंगावली 500 में से 473 अंक मिले इसी प्रकार दूसरे क्रम पर कला संकाय से नंदनी नायक संस्कार अकादमी स्कूल अशोकनगर को 500 में से 470 अंक मिले। गणित संकाय में उत्कृष्ट उच्चर माध्यमिक विद्यालय घुरव नामदेव को 500 में से 475 अंक और निकिता यादव को शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ईसागढ़ को 475 अंक, निधि राजा वुंदेला गुरूकुल अकादमी चंदेरी को गणित संकाय में 500 मे से 471 अंक और अमूल्य शर्मा शासकीय मॉडल उच्चतर माधियमिक विद्यालय चंदेरी को जीवविज्ञान में 470 अंक प्राप्त हुए। अंशिका जैन शासकीय माध्यमिक विद्यालय चंदेरी को जीव विज्ञान में 470 अंक मिले, नंदनी रघुवंशी प्राईवेट मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय को वाणिज्य में 469 अंक मिले,विजय लोधी उत्कृष्ठ उच्चतर विद्यालय मुंगावली को वाणिज्य में 466 अंक, और दिलीप केवट शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कदवाया को कृषि में 458 अंक प्राप्त हुए। इस तरह यह सभी छात्र जिले की टॉपर सूची में रहे।

### आईपीएस अकादमी का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा





ईसागढ़ की संस्था आई.पी.एस. अकादमी हा. से. स्कूल का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। इस सफलता के लिए संस्था की प्राचार्या आशिमा बड़कुल ने सभी विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी एवं स्कूल के शिक्षकगणों द्वारा की गई मेहनत की भूरी भूरी प्रशंसा की। संस्था द्वारा कक्षा 10वीं में 90: प्रतिशत तक अंक प्राप्त करने वाले 18 विद्यार्थी रहे, इनमें सर्वाधिक योगेश शर्मा एवं अंजली लोधी ने 96: प्रतिशत अंक प्राप्त किये। वहीं कक्षा 12वीं में 90 प्रतिशत तक अंक प्राप्त करने वाले 4 विद्यार्थी रहे। सर्वाधिक हिमांशी राठौर ने 92.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किये।

### हायर सेकंडरी बोर्ड परीक्षा में छात्राएं अव्वल रहीं

माध्यमिक शिक्षा मण्डल की हाई स्कूल परीक्षा में अशोकनगर जिले से 9489 परीक्षार्थी शामिल होना थे जिसमें से 9446 परीक्षार्थी शामिल हुए जिनमे छात्र 4846 और छात्राएं 4600 शामिल रहीं। कुल पास 6837 रहे और 2608 फैल रहे कुल जिले में परीक्षा परिणाम 72.38प्रतिशत रहा। इसी प्रकार जिले में प्राईवेट 1767 परीक्षार्थी शामिल हुए जिनमें 1021 छात्र और 743 छात्राएं शामिल रहीं। जिनमें कुल पास 251 हुए और फेल 1513 रहे। प्राइवेट हाई स्कूल परीक्षा का परिणाम जिले में 14.22 प्रतिशत रहा।

### उत्कृष्ट विद्यालय का परीक्षा परिणाम यह रहा

शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य बीके बामोरिया ने बताया कि कक्षा 10 में 220 छात्रों में से 194 उत्रीण रहे परीक्षा परिणाम 88.18 रहा जबकि हायर सेकेण्डी बोर्ड परीक्षा में 474 छात्र-छात्राओं में से 392 उत्रीण रहे परीक्षा का परिणाम 82.7 प्रतिशत रहा।


# मां शारदा शक्तिपीठ मंदिर पर यजमान सुखदेवी यादव ने निकाली कलशयात्रा

## कथा 6 से 12 मई तक चलेगी, 13 मई को पूर्ण आहुति-भंडारा होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दिनारा/दबरा



प्रसिद्ध स्थल गड़ी के खाती बाबा मां शारदा शक्ति पीठ माता मंदिर पर भागवत कथा का शुभारंभ हुआ जिसमें यजमान सुखदेवी सुरेंद्र सिंह यादव दबरा के द्वारा बड़े ही दिव्य भव्य कलश यात्रा निकाली गई जो हनुमान जी मंदिर दबरा से प्रारंभ होकर गांव का भ्रमण करते हुए खाती बाबा प्रांगण में कथा स्थल पर समापन हुई एवं भागवत कथा का श्रवण भक्तों को सुनने के लिए मिलेगा आचार्य पंडित श्री मनोज कुमार चतुर्वेदी बाल विकास जी के द्वारा एवं कथा का समय रहेगा दोपहर 2:00 से शाम 7:00 तक एवं कथा यजमान श्रीमती सुखदेवी सुरेंद्रयादव ने क्षेत्र वासियों की से कथा सुनने की अपील की है एवं यह कथा 6 मई से 12 मई तक चलेगी एवं 13 मई को पूर्ण आहुति के साथ भंडारे का आयोजन किया जाएगा



### नैना तिवारी ने 93.6 % और आयुषी ने 93 % अंक प्राप्त किए

**दिनारा।** कस्वे में कक्षा 10 में भा ज पा युवा नेता कपिल पंडा की भतीजी नैना तिवारी में 93.6 %अंक प्राप्त किये और मुकेश प्रजापति की बिटिया आयुषी प्रजापति ने कक्षा 10 वीं में 93% प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण किया। और दिनारा क्षेत्र का नाम रोशन किया और क्षेत्र वासियों ने डी दोनों बिटिया को बधाई दी।

जनवाई में एसडीएम से शिकायत की


# पंजाब बैंक के कैशियर ने पुलिस आरक्षक से एफडी के नाम पर 5 लाख रुपए हड़पे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खुरई




मंगलवार के दिन एसडीएम कार्यालय में जनसुनवाई का आयोजन किया गया जिसमें 10 आवेदको ने मांग और शिकायत के आवेदन दिए। कन्नाखेड़ी के भूपेंद्र दांगी ने अतिक्रमण करने वालों पर कार्रवाई को लेकर शिकायत की। खजरा हरचंद की राजरानी अहिरवार ने आम रास्ते पर अतिक्रमण करने संबंधी, बिलैया के बुंदेल सिंह ने नरवाई में आग लगने से पेड़ नष्ट होने की जांच की मांग की। शासकीय पॉलिटेक्निक की रिटायर्ड ग्रेट 2 सुनीता नेकया ने जमा कराई गई राशि वापस करने, खड़ेसरा के प्रवेश कुर्मी ने किसान सम्मान निधि दिलाने की मांग की। खड़ेसरा के मोतीलाल रजक ने बिजली से मृत्यु होने पर मुआवजा राशि प्रदान करने, गंभीरिया के संतोष दुबे ने नरवाई में आग लगने से सोयाबीन की फ़सल, भूषा, सागौन वृक्ष जलने संबंधी शिकायत की। तेवरा के बाबूलाल ने अतिक्रमण करने से आने जाने में असुविधा होने संबंधी शिकायत की। वही रेंगुवा के खलक सिंह ने पुलिस बल द्वारा अतिक्रमण हटवाए जाने को लेकर आवेदन दिया। इसके अलावा पठारी में पुलिस आरक्षक ओमकार सिंह ने आवेदन दिया है और पंजाब बैंक कैशियर ने 5 लाख की एफडी हड़पकर धोखाधड़ी की शिकायत की। आवेदन में उल्लेख है कि 2020 में खुरई की पंजाब बैंक में 5 लाख रुपए की एफ डी बनवाई थीं। 2025 में उसकी अवधि पूरी हो चुकी थी तो में बैंक गया। मेने भुगतान के लिए कैसियर के लिए एफ डी दी, उसने कहा कि दूसरी एफडी बना देते हैं पैसे भी डबल मिलेंगे। उसके बाद कैसियर ने कहा कि आपने पैसे निकाल लिए है। आवेदन ने कहा कि मेने पैसे निकाले होते तो यह एफडी मेरे पास कहा से होती। आवेदक ने जनसुनवाई में मांग करते हुए कहा कि बैंक केसियर द्वारा धोखाधड़ी कर 5 लाख हड़पने को लेकर दोषी के खिलाफ़ कानूनी कार्रवाई की जाए और मेरे रुपए दिलाने जाने की मांग की। वही मौके पर बैठे अधिकारियो ने सभी आवेदको की समस्याओं को गंभीरता से सुना और शीघ्र निराकरण करने का आश्वाशन दिया। सभी आवेदनों को विभागवार सौंपकर शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए।

### तक्षशिला स्कूल की दसवीं की नंदनी ने 96.6 और बारहवीं के आदर्श ने 94.4 प्रतिशत अंक हासिल किए

**खुरई।** माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल का परीक्षा परिणाम घोषित हुआ बच्चों ने राहत कि सांस ली। इस बार मंडल का परिणाम बेहतर आया है तक्षशिला हायर सेकेण्डरी स्कूल के हाईस्कूल परीक्षा परिणाम 96 प्रतिशत रहा तो हायर सेकेण्डरी का परिणाम 94.4 प्रतिशत रहा और कक्षा -दसवी के 63 छात्र छात्राएं को 75 प्रतिशत अंक प्राप्त हुये। तो बारहवीं में 54 विधार्थियों के 75 प्रतिशत अंक प्राप्त किए कक्षा दसवीं में नंदनी असाटी पिता नरेंद्र असाटी ने 96.6 प्रतिशत अंक अर्जित किए। बारहवीं में आदर्श सिंह ठाकुर पिता मुकेश सिंह ठाकुर ने 94.4 प्रतिशत अंक अर्जित कर अपना और विद्यालय का नाम रोशन किया विद्यालय संचालक संजय दुबे ने सभी विद्यार्थियों को उत्तम परिणाम लाने पर बधाई शुभकामनाए दी बच्चों की सफलता पर विद्यालय प्राचार्य सहित समस्त स्टाफ ने बधाई शुभकामनाए दी।

# जनसुनवाई में आवेदकों की समस्याओं को सुनने का तरीका बदला नजर आया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

शासन के निर्देशानुसार जिले में सुशासन के तहत आमजन की समस्याओं एवं शिकायतों का निराकरण कराये जाने के उद्देश्य से सभी अधिकारी प्रत्येक मंगलवार को जनसुनवाई में उपस्थित रहकर आवेदनों का निराकरण करें। जिससे आने वाले आवेदकों की समस्याएं एवं शिकायतों का निराकरण तत्परता से हो सकें। इस आशय के निर्देश कलेक्टर ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट के जनसुनवाई कक्ष में नवीन व्यवस्थी के तहत आवेदकों की जनसुनवाई करते हुए उपस्थित जिला अधिकारियों कोदिए। जनसुनवाई में सभी विभागीय अधिकारियों की




बैठक व्यावस्था के तहत टेबिल के समक्ष नेमप्लेट लगवाई गई है। आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन जिस विभाग से संबंधित है। उस आवेदन को संबंधित विभागीय अधिकारी के समक्ष सुनवाई हेतु भेजा गया। तत्पश्चात कलेक्टर के समक्ष आवेदक की सुनवाई की जाकर निराकरण कराया गया। आवेदकों द्वारा प्राप्त आवेदनों का इंद्राज मौके पर ही ऑनलाईन पोर्टल पर दर्ज कराया गया।

कलेक्टरर ने कहा कि आवेदनों का त्वरित निराकरण करना जनसुनवाई का मुख्य उद्देश्य है। अधिकारी सकारात्मक सोच के साथ आवेदकों से प्राप्त आवेदनों का निराकरण त्वरित करें। आवेदकों को अपनी समस्यामओं तथा शिकायतों के निराकरण के लिए भटकना न पड़े यह सुनिश्चित किया जाए। आवेदनों पर गंभीरता के साथ सुनवाई कर निराकरण करायें।

### जनसुनवाई में विभिन्न समस्यामूलक 173 आवेदन आए

जनसुनवाई में आवेदकों से विभिन्नम समस्यामूलक 173 आवेदन पत्र प्राप्त हुए। जनसुनवाई में ग्राम रमपुरा निवासी रामवल कुशवाह द्वारा गन्नू की फसल में आग लग जाने के कारण मुआवला राशि दिलाये जाने,ग्राम कर्राटांका निवासी सखी बाई द्वारा भूमि का बटबारा कराये जाने,ग्राम रतवास निवासी गजराम सिंह यादव द्वारा खेत पर पाईप लाईन डलवाये जाने,ग्राम खजुरिया निवासी भगिरा अहिरवार द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्माजन निधि की किश्त दिलाये जाने,ग्राम पिपरोल निवासी जशोदा बाई द्वारा पट्टा एवं आवास दिलाये जाने,ग्राम कदवाया निवासी रामसिंह यादव भूमि का सीमांकन कराये जाने,ग्राम कदवाया निवासी गोविंद परिहार द्वारा प्रधानमंत्री आवास की किश्त दिलाये जाने,ग्राम खिरिया निवासी चुन्नीलाल अहिरवार द्वारा प्रधानमंत्री आवास हेतु भूखण्डा उपलब्धय कराये जाने, अशोकनगर निवासी मैना कुरैशी द्वारा जातिप्रमाण पत्र बनवाये जाने, शाढौरा निवासी जमुनालाल अहिरवार द्वारा भूमि का सीमांकन कराये जाने,ग्राम गर्रोली निवासी जशरथ द्वारा सीमांकन कराए जाने सहित अन्यन आवेदन प्राप्त हुए।